अमर उजाला
बरेली
शुक्रवार, 26 फरवरी 2021

PAGE NO. 07 : LEFT TOP

दो दिवसीय चित्रोत्सव 26 से

बरेली। 'रिद्धिमा' मंच एवं कला केंद्र में शुक्रवार 26 फरवरी से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसे लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने बताया कि शुक्रवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता चित्रोत्सव का शुभारंभ होगा, इसमें 50 से ज्यादा प्रतिभागी पंजीकरण करा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को वसंतोत्सव का आयोजन होगा, इसमें कथक एवं शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति होगी। इसके बाद मार्च महीने के हर शनिवार को नाटक का मंचन किया जाएगा। रिद्धिमा की सेंटर हेड डॉ. कविता अरोरा ने बताया कि जल्दी ही म्यूजियम की स्थापना होगी, जिसमें दुर्लभ वाद्ययंत्र रखे जाएंगे। **ब्यूरो**